तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



12 ऑर्थोपेडिक और न्यूरोलॉजी के होने लगे ऑपरेशन,...





12 मौके पर कई समस्याओं का निराकरण




## पैदल और बाइक से कठिन रास्ता तय कर पहुंचे पैरी पखना में कलेक्टर ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के सुदूर अंचल स्थित ग्राम पंचायत करका के पैरी पखना गांव में कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस गाँव तक पहुंचने के लिए कलेक्टर ने सुकमा जिले के बंकेपाल तक चारपहिया वाहन से यात्रा की। इसके बाद पैदल और मोटरसाइकिल से कठिन रास्ता तय कर गांव पहुंचे।

गांव पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से कलेक्टर आकाश छिकारा और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन का स्वागत किया।

### माओवादी गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र विकास से रहा वंचित

#### आधार कार्ड बनाने व स्वास्थ्य जांचने लगेगा शिविर

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आधार कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक सोमवार को शिविर आयोजित किया जाए। वहीं हर महीने के तीसरे सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान



सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना और मातृ वंदन योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही पशुपालन और मत्स्यपालन विभाग की योजनाओं से लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने गांव में पहुँचने के दौरान ग्रामीणों द्वारा उपयोग की जाने वाली स्थानीय परंपरागत पेयजल साधन (चुंआ) का भी अवलोकन किया।



#### बच्चों को मिला चॉकलेट और टिफिन बाक्स

इस अवसर पर अधिकारियों ने बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टिफिन बॉक्स और पानी की बोतल वितरित की। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे मच्छरदानी एवं आवश्यक दवाई प्रदान किया गया। वहीं विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया गया।

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए मोबाइल कनेक्टिविटी, राशन व्यवस्था, आधार कार्ड निर्माण, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, राशन दुकान, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने कहा कि पूर्व में माओवादी गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन अब हालात में सुधार के साथ विकास कार्यों को तेजी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि गाँव को सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रस्ताव भेजा गया है। चैपाल में जिला अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### परिवाहन आरक्षक भर्ती 21 केंद्रों में होगी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा परिवहन विभाग के अंतर्गत परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आगामी 19 अप्रैल को लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। बस्तर जिले में इस परीक्षा के सुचारू और पारदर्शी संचालन के लिए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा का आयोजन निर्धारित रविवार 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक किया जाएगा, जिसके लिए पूरे जिले में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर छिकारा ने परीक्षा के सफल संचालन के मद्देनजर नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख ब्रजभूषण देवांगन और आशीष साहू को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही सभी 21 केंद्रों के लिए अलग-अलग पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 13 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आगामी 13 अप्रैल को कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित होगी, जिसमें जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक अप्रैल महीने के दूसरे हफ्ते की समय-सीमा बैठक के साथ रखी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा से जुड़े पुराने कार्यों की समीक्षा करना और आने वाले समय के लिए नई योजनाएं बनाना है।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए श्रमिक सम्मेलन आज

**जगदलपुर।** श्रम विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंजीकृत श्रमिकों तक पहुंचाने के उद्देश से 10 अप्रैल को वीर सावरकर भवन में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि का चेक वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### 21 जगह पर होगा 21 को योग शिविर

**जगदलपुर।** पतंजलि योग परिवार 21 अप्रैल से शहर के 21 स्थानों पर 21 दिवसीय इंटेग्रेटेड मेगा योग शिविर का आयोजन कर रहा है। रेलवे कॉलोनी के मां काली मंदिर परिसर में बैठक में समिति का गठन किया। शिविर में योग के साथ बीपी, शुगर, हार्ट बीमारियों के उपचार, आयुर्वेदिक उपाय और एक्यूप्रेशर की जानकारी दी जाएगी।

### हादसा : मिर्ची तोड़ने बाड़ेगुड़ा क्षेत्र से जा रहे थे महाराष्ट्र

## सोमनपल्ली के पास मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, 5 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के बाड़ेगुड़ा क्षेत्र से मजदूरों को लेकर जा रही पिकअप वाहन महाराष्ट्र के सोमनपल्ली गांव में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा सुबह 5 से 6 बजे के बीच हुआ। हादसे में वाहन में सवार सभी मजदूर घायल हो गए।

- वाहन में 40 से अधिक मजदूर सवार थे

प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूर मिर्ची तोड़ने महाराष्ट्र जा रहे थे। दुर्घटना में कई मजदूरों के हाथ-पैर टूट गए, वहीं कुछ के सिर में गंभीर चोटें आईं है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी, जहां घायलों को जमीन पर लिटाकर प्राथमिक सहायता दी गई। मजदूरों ने बताया कि नियमित चालक की जगह नया ड्राइवर वाहन चला रहा था । घटना की सूचना मिलते ही भोपालपटनम से एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया घायलों में एक मजदूर के अंगुली कटने, एक की आंख में चोट लगने से दृष्टि जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं राजेश्वरी चिड़यिम की कमर की हड्डी टूटना बता रहे हैं, जिससे वह बिस्तर पर करवट नहीं ले पा रही है।





घटना की खबर फैलते ही अस्पताल में लोगों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ लग गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस घनश्याम कामड़े टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। घायलों से घटना की जानकारी ली।

#### जनप्रतिनिधियों ने जताया आक्रोश

इस दौरान जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने परिवहन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मालवाहक पिकअप वाहनों में सवारी ढोने पर नियंत्रण नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यदि समय-समय पर सख्त निरीक्षण होता, तो शायद इस हादसे से बचा जा सकता था। अस्पताल में जनपद अध्यक्ष सरिता कुडेम, उपाध्यक्ष नीलम गणपत, जिला पंचायत सदस्य कोरम कविता, राकेश केतारप, मंडल अध्यक्ष नर्सिंग रेड्डी, सचिन आत्रम सहित नगर एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

#### 11 मजदूर जिला अस्पताल रिफर

खंड चिकित्सा अधिकारी से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि 25 मजदूरों का इलाज किया गया। 11 मजदूरों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

#### मिर्ची तोड़ने रोजाना 10 से अधिक पिकअप में जा रहे मजदूर

बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र में मिर्ची तुड़ाई का कार्य चालू हुआ है। तब से भोपालपटनम ब्लॉक से प्रतिदिन 10 से 15 पिकअप में भरकर मजदूरों का ले जाने और वापस लाने का काम हो रहा है।

## नक्सल प्रभाव खत्म होने से अमन, चैन और सुकून का माहौल : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने गुरुवार को जिला कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मानसून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बस्तर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 7 अप्रैल को प्रधानमंत्री से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ और बस्तर के समग्र विकास का ब्लूप्रिंट सौंपा है तथा औपचारिक आमंत्रण भी दिया है।

- सांसद ने बस्तर में प्रधानमंत्री के आने की बात कही

उन्होंने पीएम के प्रस्तावित दौरे के दौरान रावघाट रेललाइन, एयरपोर्ट विस्तार, गीदम में मेडिकल कॉलेज तथा पर्यटन विकास कार्यों सहित कई अहम परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण की संभावना जताई । इससे बस्तर को देश के विकास मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। सांसद ने कहा नक्सल प्रभाव खत्म होने के बाद बस्तर में अमन, चैन और सुकून का माहौल है। पहले जहां रात में सफर करना जोखिम भरा था वहीं अब हालात बदल चुके हैं । लोग बेखौफ यात्रा कर रहे हैं। वे स्वयं आधी रात को दंतेवाड़ा पहुंचकर इस बदलाव का अनुभव पाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने नक्सलियों के मंसूबों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है और अब क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित हो चुकी है।

#### खंडपीठ की मांग, जनभावना से जुड़ा विषय

बस्तर में हाईकोर्ट की खंडपीठ की मांग पर कहा कि यह जनभावना से जुड़ा विषय है। वे इस मुद्दे को पार्टी फोरम में मजबूती से रखेंगे। इस दौरान वेदप्रकाश पांडे, रामाश्रय सिंह, प्रकाश झा व राजेन्द्र बाजपेयी सहित अन्य मौजूद रहे।

## ई-ट्रैक का निर्माण शुरू नहीं, ग्रामीणों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाऊसिंग बोर्ड की ओर से बस्तर जिले के गरावंडकला में 2.79 करोड़ के लागत से ई-ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर होने के बाद जनवरी में ठेकेदार से अनुबंध किया गया। उसके तीन महीने तक ठेकेदार की मनमानी से ई-ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। मामले में हाऊसिंग बोर्ड अपर आयुक्त के निर्देश से सहायक अभियंता केयुर वैद्य की टीम ने गुरुवार को पहुंचकर जमीन की नाप जोख लिया। सहायक अभियंता ने बताया कि अनुबंध होने के बाद ठेकेदार ने स्थल में रेती, गिटटी लाया और बोर के लिए मशीन लाया तो आसपास के ग्रामीणों ने ई-ट्रैक के निर्माण विरोध किया। इसके चलते ठेकेदार ने निर्माण कार्य नहीं कर पाया। तहसीलदार के सामने ग्रामीणों की पेशी होने से ग्रामीण शांत हुए और अब ई-ट्रैक का निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जा रहा है।

- हाऊसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त के निर्देश पर जमीन की नाप जोख
- कार्य शुरू करने सामान, मशीन पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने किया था विरोध



#### ड्राइव केंद्रों को किया जाएगा आटोमैटिक

बताया जा रहा है कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए टेस्ट तो देना ही होगा, लेकिन अब इसका अब अलग से शुल्क भी चुकाना होगा। टेस्ट ड्राइव केंद्रों को आटोमैटिक किया जाएगा यानी सेंसर आधारित ई-ट्रैक बनाया जाएगा। सेंसर के आधार पर ही ड्राइविंग टेस्ट होगा। टेस्ट देने के बाद आनलाइन पास या फेल का परिणाम आएगा।

#### ठेकेदार को दिए निर्देश

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि ई-ट्रैक का निर्माण कार्य शुरू करें, अन्यथा टेंडर निरस्त किया जाएगा। साथ ही बोर्ड के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, अभियंताओं को भी निर्देश दिया कि निर्माण कार्य का समय-समय पर निरीक्षण करें।

## संगठन को मजबूत बनाने कांग्रेस पहुंच रही गांव-गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मिशन गांव चलो अभियान के तहत बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर पूर्व विधायक रेखचंद जैन व नगरनार ब्लॉक प्रभारी उमाशंकर शुक्ला की उपस्थिति तथा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया के नेतृत्व में नगरनार के ग्राम खुटपदर माड़पाल में बूथ व पंचायत कमेटी गठन प्रकिया पर बैठक हुई। अभियान के तहत संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। इसका उद्देश्य

- खुटपदर में नए कार्यकर्ता जोड़ने पर रायशुमारी



संगठन को मजबूत बनाने और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने का संकल्प लेकर नए कार्यकतार्ओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। बैठक में वीरेंद्र साहनी, नीलुराम बघेल, पूर्णिमा सिरिल, प्रभुदास,बलराम कोकड़ू, राजेश कश्यप, सीताराम कश्यप, लेखन बघेल, रामलू, सोहन नायक, भुवन, कमलेश, मनोज, राजेंद्र, हरिसिंह, सुखदेव, भागीरथी, दया, बुदरू, नीलकंठ, जयमन, गौरी, तुलसी, राधामनी सहित अन्य मौजूद रहे।


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur


## गर्मी में वन्य प्राणियों के लिए आईटीआर में 4-4 किमी पर किया तालाब का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर के इंद्रावती टायगर रिजर्व तीन राज्यों से घिरा हुआ है, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा में 2799 वर्ग किलोमीटर फैला हुआ है। इन्द्रावती नेशनल पार्क में 8 बाघ, राजकीय पशु 17 वन भैंसों, राजकीय पशु वन भैंसा, टायगर, सांभर, बाघ सहित गिद्ध एवं कई जंगली जानवर और पक्षी मौजूद है। टायगर रिजर्व वन्य प्राणियों को गर्मी में भी अनुकूल बनाने के लिए घास एवं 4-4 किमी में तालाब का निर्माण कराया गया, रिक्त भूमि में घास का मैदान विकसित किया। नरवा विकास कार्य के अंतर्गत परिसर मोरमेड़ के नेलकोय नाला में चेक डेम निर्माण कार्य किया गया।

- घास व तालाब से इंद्रावती टायगर रिजर्व को अनुकूल मानकर रह सके वन्य प्राणी
- रिजर्व में वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ने की संभावना बढ़ी, हो रही बाघ गणना



शाकाहारी जानवरों की संख्या भी तेजी से बढ़ने की संभावना है, बाघों को भी अच्छा भोजन मिल रहा है, इसी वजह क्षेत्र वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ने की संभावना बढ़ी हैं। रिजर्व में राजकीय पशु वन भैंसा की संख्या सबसे ज्यादा और इस पार्क में बाघों की संख्या भी काफी है। साथ ही अन्य वन्य जीवों की संख्या भी देखी गई है, नेशनल पार्क में मौजूद पशुओं की गणना करने कैमरा ट्रेप भी लगाया है। बताया जा रहा है कि रिजर्व में बाघ आंकलन के 6 वें चरण शुरू हो गया है। इसमें बाघों की पहचान और गणना अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक में पगमार्क, मल ▶▶| शेष पेज 10 पर




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 10,000
प्रति माह
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
मोबाइल- 9131893124, 8817958580

# एक पुनर्वासित सहित 5 हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर दी गई प्रतीकात्मक चाबी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

माओवाद मुक्त होने के बाद बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की पहुंच सुलभ हो रही है और विकास कार्यों को भी गति मिल रही है। कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चिंगनार में शासकीय योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर सांसद भोजराज नाग और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। सांसद और विधायक ने शासन की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का विवरण किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।

## जिले के दूरस्थ गांव चिंगनार में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

### ग्रामवासियों से 115 आवेदन मिले, 49 का मौके पर निराकरण

जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 115 प्राप्त हुए, जिसमें 49 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर के दौरान कुल 81 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष्मान कार्ड के 7 तथा आधार कार्ड के 22 प्रकरणों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत 8 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों द्वारा सामग्री वितरण के अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को बी-1/डिजिटल किसान किताब प्रदान की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 12 जॉब कार्ड तथा 01 पुनर्वासित व्यक्ति सहित 5 आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक चाबी वितरित किए गए। श्रम विभाग द्वारा 11 श्रम कार्ड वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा 24 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा उद्यान विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को बागवानी किट प्रदान की गई।



सांसद श्री नाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले माओवाद के प्रभाव से इस क्षेत्र में सड़क पुल पुलिया और आधारभूत संरचना के कार्य नहीं हो पाता था। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में बस्तर अब माओवाद से मुक्त होने के बाद अब इन कार्यों को गति मिलेगी। केंद्र एवं राज्य सरकार महिलाओं किसानों के कल्याण के साथ ग्रामीणों क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति का विकास जरूरी है। केशकाल विधायक ने कहा कि पहले इस क्षेत्र में माओवाद का बहुत दहशत हुआ करती थी, विकास कार्य नहीं हो पा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी सोच से अब इससे मुक्ति मिली है।

## खबर संक्षेप

### इंडिकेटर्स में 100 प्रतिशत सैचुरेशन लाएं 14 तक



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग की संयुक्त संचालक डॉ. भावना दीक्षित द्वारा आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के सभी इंडिकेटर्स की विषयवार समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 14 अप्रैल 2026 तक सभी निर्धारित इंडिकेटर्स में 100 प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, एबी फेलो संतोष कुमार सितारे सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद डॉ. दीक्षित ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंडागांव, बम्हनी एवं आवासीय बालिका छात्रवास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार और बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

### जिले में धूमधाम से मना चावल उत्सव



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में "चावल उत्सव" का आयोजन किया गया। उत्सव के दौरान राशन कार्डधारियों को निर्धारित मात्र में चावल, नमक एवं अन्य आवश्यक खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई। हितग्राहियों की ई–केवाईसी प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए उसे पूर्ण कराया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। जिला खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव के अनुसार जिले में 422 उचित मूल्य दुकानों में 1,58,629 राशन कार्डधारी पंजीकृत हैं, जिनके लिए खाद्यान्न वितरण सुचारू रूप से जारी है।

### पेज 9 का शेष

#### पैदल और बाइक से...

महेश्वर नाग, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

#### गर्मी में वन्य प्राणियों ...

एवं मूवमेंट से हो रही है। पहले जहां यह काम कैमरा ट्रैप और मानव विश्लेषण पर निर्भर था। वहीं अब मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग मॉडल्स की मदद से हर बाघ की धारियों के विशिष्ट पैटर्न से उसकी डिजिटल पहचान बनाई गई। यह प्रणाली न केवल गणना को सटीक बनाएगी, बल्कि शिकारियों की गतिविधियों पर भी वास्तविक समय में नजर रखेगी।

**रिजर्व प्रदेश का सुंदर अभ्यारण्य:** बताया जा रहा है कि इंद्रावती टायगर रिजर्व प्रदेश एवं बस्तर का सुंदर अभ्यारण्य है। नक्सली मुक्त होने के बाद बीजापुर का अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाएगा। यहां आने वाले पर्यटक खुली जीप में लोग आसानी से राजकीय पशु वन भैंसा, टायगर, चीता एवं अन्य वन प्राणी को देख सकेंगे।

**ग्रामीणों में कर रहे प्रचार-प्रसार:** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि रिजर्व में रहवास वन्य प्राणियों के लिए सटे हुए गांवों में ग्रामीणों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि वन्य प्राणियों को मारे नहीं बल्कि सूचना दें, जिससे बचा सकें।

## कार्यक्रम : कोंडागांव में किसान वृक्ष मित्र योजना महासम्मेलन

# किसानों की आय बढ़ाने व हरित विकास को मिलेगा नया आधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

वनमंडल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों, हितग्राहियों और विभिन्न संस्थाओं को किसान वृक्ष मित्र योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य निजी भूमि पर व्यावसायिक पौधारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना है। सम्मेलन में बताया गया कि योजना के अंतर्गत किसान टिश्यू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस तथा मिलिया डुबिया जैसे आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों का रोपण कर सकेंगे। सहयोगी संस्थाओं एवं निजी कंपनियों के माध्यम से उत्पाद की वापस खरीदी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल सके। वन विभाग ने बताया कि पांच एकड़ तक भूमि पर पौधारोपण करने वाले पात्र हितग्राहियों को पूर्ण अनुदान दिया जाएगा, जबकि इससे अधिक क्षेत्र में आंशिक सहायता मिलेगी। विभाग द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि पौधों की अच्छी देखभाल हो सके। योजना के अंतर्गत पौधारोपण के बाद तीन वर्षों तक नियमित निरीक्षण किया जाएगा। पौधों की जीवित संख्या के आधार पर रखरखाव के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिससे किसानों को शुरुआती वर्षोंर् में आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा और वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा।

■ योजना की जानकारी देने आयोजित हुआ महासम्मेलन

### किसानों ने बताया- बढ़ी आय



सुमारू ग्राम पोलंग ने बताया कि पूर्व में अपने खेतों में मक्का उड़द आदि खेती करता था। लेकिन वन विभाग की समझाइश पर खेत की मेढ़ो पर व मरहान भूमि में नीलगिरी का पौधारोपण किया है, जिससे मुझे लाभ हो रहा है। उत्तम कोटडिया पाला गांव ने बताया कि मेरे यहां पैतृक रूप से पौधारोपण किया जाता है। हाल ही में 8 एकड़ नीलगिरी काटकर 21 लाख रुपए का बेचा हूं। 5 एकड़ के लिए वन विभाग से मुफ्त में पौधे गड्ढा खुदाई व खाद मिला है। दीनबंधु यादव ग्राम उमरगांव ने बताया कि वन विभाग की सहयोग से सागौन और बांस का वृक्षारोपण किया हूं। बांस की दो कटाई हो चुकी है। दो लाख रुपए का फायदा हुआ है। वन विभाग की किसान वृक्ष मित्र योजना से हमें सहारा मिला है। विजय कोर्राम ग्राम चिलपुटी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने बताया तो नीलगीरी का पौधारोपण किया था। नीलगिरी के पौधों के बीच में हल्दी भी लगाया हू । दो बार कटाई करके आय कर चुका हूं।

### *प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख नीलगिरी का कर रहे रोपणः डीएफओ*

*डीएफओ कोंडागांव चूड़ामणि सिंह ने बताया कि दक्षिण वन मंडल कोंडागांव में प्रतिवर्ष 5 से 6 लाख नीलगिरी का पौधारोपण किया जा रहा है। शासन की महत्वपूर्णयोजना है किसान वृक्ष मित्र। इस योजना के तहतहम कई प्रजातियां के पौधे हम कृषकों को वितरण कर रहेहै। जिसमें सागौन नीलगिरी, बांस,मालाबार नीम आदि शामिल है।*

### पर्यावरण के साथ ही किसान की आर्थिक स्थिति भी हो रही मजबूत : वनमंत्री कश्यप



वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि किसान वृक्ष मित्र योजना छत्तीसगढ़ की एक ऐसी योजना है जिसमें किसानों की आर्थिक रूप से आय बढ़ाने के लिए शुरू किया है। अभी हम लोगों ने इसमें चार–पांच प्रकार के कुछ वृक्ष जैसे बांस, सागौन, मिलिया, डुबिया और नीलगिरी से शुरुआत की है। बस्तर क्षेत्र में अभी सबसे ज्यादा नीलगिरी के पेड़ लगाए जाते हैं, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई है। हमारी सरकार लगातार किसानों के समृद्धि एवं उनकी आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में लगी हुई है।

### उद्योगों को मिलेगा कच्चा माल बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

अधिकारियों ने बताया कि योजना से लकड़ी और प्लाईवुड आधारित उद्योगों को कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रें में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी यह योजना सहायक साबित होगी। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। किसानों ने निजी भूमि पर वृक्षारोपण के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने की संभावना को लेकर उत्साह व्यक्त किया। वन विभाग ने भरोसा दिलाया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



नेशनल हाईवे-30 पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जटायु शिला के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11:30 बजे राहगीरों ने सड़क किनारे एक युवक को बाइक सहित गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना फरसगांव थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल फरसगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसके पास मिले बैंक पासबुक के आधार पर गजेंद्र कुमार नेताम पिता महेश कुमार निवासी वार्ड क्रमांक 6 नरहरपुर के रूप में की गई है।

■ एनएच–30 जटायु शिला के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

### *जांच जारीः पुलिस*

*प्रारंभिक जांच में मामला हिट एंड रन का प्रतीत हो रहा है। युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर में सुरक्षित रखवा दिया है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। मामले की जांच जारी है।*

### नेशनल हाईवे-30 पर खड़े ट्रक के केबिन में चालक की संदिग्ध मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर सोनू ढाबा के सामने खड़े एक ट्रक के केबिन में चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मोतीराम साहू (55 वर्ष), निवासी भटगांव जिला धमतरी के रूप में हुई है। वह ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि 7 अप्रैल की रात करीब 2 बजे फरसगांव पहुंचने के बाद वह ट्रक के केबिन में ही सो गया। अगली सुबह करीब 5 बजे साथी चालक ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पाया गया कि चालक की मौत ट्रक के केबिन के अंदर ही हो चुकी थी। गुरुवार को पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल मर्ग इंटीमेशन कायम कर मामले की जांच जारी है।

# शहीदों को श्रद्धांजलि, वीरता पदक विजेताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



188वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा चिकलपुट्टी स्थित मुख्यालय परिसर में शौर्य दिवस का आयोजन किया गया। कमांडेंट भवेश चौधरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग–30 स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के अंतर्गत सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें जवानों को संबोधित करते हुए शौर्य दिवस के इतिहास और वीर जवानों के पराक्रम को याद किया गया। कमांडेंट ने 9 अप्रैल 1965 को कच्छ के रण में सीआरपीएफ जवानों द्वारा पाकिस्तानी सेना के हमले को विफल करने की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए उनके अद्वितीय साहस को याद किया। सीआरपीएफ द्वारा पंजाब, जम्मू–कश्मीर, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रें में नक्सलवाद, आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में निभाई गई भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बटालियन में पदस्थ वीरता पदक विजेताओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने जवानों को भविष्य में भी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

**इनकी रही मौजूदगीः** इस अवसर पर नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, कमल सिंह मीणा उप.कमा., ओमप्रकाष विष्नोई सहा.कमा., बन्ना राम सहा.कमा, अमर सिंह मीणा सहा.कमा एवं अधीनस्थ अधिकारी, जवान उपस्थित रहे।

# युवती ने पुल से लगाई छलांग पुलिस की तत्परता से बची जान



जगदलपुर। लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रावती पुल से बुधवार शाम एक युवती ने आत्महत्या करने छलांग लगा दी। गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। बिना देर किए थाना प्रभारी व जवान मौके पर पहुंचे और युवती की जान बचाने में कामयाब रहे। जानकारी के मुताबिक पारिवारिक विवाद के चलते 22 साल की युवती ने लोहंडीगुड़ा एसटीएफ कैंप रिजॉर्ट नारायणपाल मोड़ स्थित इन्द्रावती नदी पुलिया से कूद गई। लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैंगा ने बताया कि भानपुरी निवासी 22 वर्षीय युवती का पारिवारिक कारणों से विवाद हो गया था। इसके चलते वह अपने घर से पैदल ही निकल गई। रास्ते में कुछ लोगों से लिफ्ट लेते हुए वह नारायणपाल मंदिर के पास बने पुल पर पहुंची और वहां से नदी में छलांग लगा दी। जिस समय युवती ने नदी में कूदा उसी समय वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना लोहण्डीगुड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लोहंडीगुड़ा थाने के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी और समय रहते युवती को बचा लिया। युवती बेहोशी की अवस्था में थी उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के बाद युवती को होश आ गया। होश में आने पर उसने अपने परिजनों के बारे में पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवती के परिजनों को सूचित किया और उन्हें अस्पताल बुलाया। लड़की की हालत ठीक होने पर परिजनों को सुपुर्द किया गया, अपनी बेटी को सुरक्षित देखकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने किया चिंगनार स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने फरसगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिंगनार में स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में बच्चों से संवाद कर आवासीय, भोजन व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से मध्यान्ह भोजन के बारे में पूछा, जहां बच्चों ने सब्जी नहीं मिलने की बात कही। उन्होंने छात्रावास के शौचालय मरम्मत करने और परिसर के बाउंड्रीवाल बनाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने सम्बंधित प्रधान पाठक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास अधीक्षक को सख्त निर्देशित किया कि भोजन को निर्धारित मीनू अनुसार भोजन उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा प्रसव व एचआरपी महिलाओं की जानकारी ली और क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने चिंगनार जलाशय का भी निरीक्षण किया और अपूर्ण लाइनिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

***ये अधिकारी रहे साथः*** *इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अश्वन पुसाम, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, तहसीलदार जयकुमार नाग, डीएमसी ईमल बघेल, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।*

## कोंडागांव में सतनामी समाज का शपथ ग्रहण हुआ समारोह

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ एकता और समाज विकास का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

अखिल भारतीय सतनामी समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में 8 अप्रैल को ऑक्सन हॉल डिपो में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धंसराज टंडन संभागीय अध्यक्ष बस्तर ने की।

■ वरिष्ठों ने कहा- सभी को मिलकर करना होगा काम



कार्यक्रम का शुभारंभ सतनाम धर्म प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में समाज के नव–निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। सुरेश कुमार बघेल जिला अध्यक्ष, वासुदेव जिला सचिव, विशाल बंजारे जिला कोषाध्यक्ष, भागवत प्रसाद चतुर्वेदी जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने नवगठित टीम से कहा कि समाज की एकता, संगठन और समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। संचालन चंद्रेश चतुर्वेदी ने किया। आयोजन समिति ने आभार व्यक्त किया।

### *इनकी रही उपस्थिति*

*कार्यक्रम में लखमूराम टंडन, बीडी चेलक, सुरेश बेर, पंकज आदिले, आर.एल. बंजारे, कुंजबिहारी पटेला, राजा बांधे, श्यामाचरण लहरे, संतू बांधे, शिवनारायण भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में समाज के महिला–पुरुष एवं युवा शामिल हुए।*

# सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में आवेदन 30 सितंबर तक

**कोण्डागांव।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में प्रोत्साहन दिया जा रहा है। योजना अंतर्गत हालर मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पापड़ बेकरी, नमकीन एवं मिठाई निर्माण जैसे कार्योंर् के लिए 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये तक अनुदान दिया जाएगा। पूर्व में 31 मार्च 2026 तक लागू योजना की अवधि बढ़ाकर अब 30 सितंबर 2026 कर दी गई है, जिससे अधिक उद्यमियों को लाभ मिल सके। इच्छुक व्यक्तिगत उद्यमी, महिला स्व–सहायता समूह एवं सहकारी समितियां आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिले के बैंक प्रबंधकों से लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कर स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी एवं तकनीकी सहायता के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोण्डागांव में संपर्क किया जा सकता है।

-:: निविदा आमंत्रण ::-

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, कोण्डागांव में खान-पान व्यवस्था हेतु इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह एवं पंजीकृत केटरर से निविदा आमंत्रित किया जाता है, मीनू तथा निविदा फॉर्म दिनाँक 09.04.2026 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है एवं अपने कोटेशन के साथ निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2026 समय 04:00 बजे तक होगी, प्राप्त निविदाओं पर निर्णय स्थानीय समिति द्वारा लिया जाएगा, इस विषय में किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार स्थानीय समिति को होगा।

**विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें:-**

**निदेशक: भारतीय स्टेट बैंक, अग्रणी बैंक कार्यालय मेन रोड कोण्डागांव**

**मो. नं.: 9340419384, 7647086947, 9301104537**

# ग्रामीणों से संवाद कर विश्वास और सहयोग मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सिविक एक्शन प्रोग्राम (सीएएफ) के तहत सुकमा जिले के नारसापुरम में बुधवार को व्यापक जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के साथ उनके बीच विश्वास और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में नारसापुरम, मिलियामपल्ली, कमाराम, अचकाट, राजपेंटा सहित आसपास के गांवों के 200 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की सामग्री वितरित की गई। शैक्षणिक सामग्री के अंतर्गत नोटबुक, पेन-पेंसिल बॉक्स, स्कूल बैग एवं ड्राइंग किट,उपयोगी वस्तुओं में 200 लीटर जल भंडारण टैंक, सोलर लैम्प एवं टिन शीट, खेल सामग्री में वॉलीबॉल, फुटबॉल, नेट, कैरम बोर्ड एवं क्रिकेट किट प्रदान किए गए।

- सुकमा में सिविक एक्शन प्रोग्राम
- 200 से अधिक ग्रामीण हुए लाभान्वित

**नारसापुरम में सुरक्षा बलों ने वितरित की दैनिक उपयोग की सामग्री**





इसके अलावा घरेलू उपयोग की वस्तुओं में एल्यूमिनियम कड़ाही,पतीला,स्टील के बर्तन,चम्मच,छाते,साड़ियां,लुंगी, मच्छरदानी एवं डबल लेयर कंबल वितरित किए गए। आजीविका सहायता के रूप में साइकिल, सिलाई मशीन, फावड़ा, कुल्हाड़ी एवं गैंती भी दी गई, जिससे ग्रामीणों को स्वरोजगार में सहायता मिल सके। संवाद के दौरान बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार लाना, शिक्षा को बढ़ावा देना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। साथ ही क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा भी दिया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों के प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईजी (छत्तीसगढ़) शालिन,डीआईजी (ऑप्स) सुकमा आनंद सिंह राजपुरोहित के निर्देशन में कमांडेंट के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ,जबकि द्वितीय कमान अधिकारी बीरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

### जनसंपर्क से बढ़ रहा भरोसा

सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के बीच संवाद एवं विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। आवश्यक वस्तुओं के वितरण के साथ-साथ शिक्षा, खेल और आजीविका से जुड़े संसाधनों की उपलब्धता से ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे कार्यक्रम न केवल तात्कालिक जरूरतों को पूरा करते हैं, बल्कि लंबे समय में सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## खबर संक्षेप

### बैंक ने स्कूल को दी आधुनिक सुविधाएं



**बीजापुर।** शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए आईडीबीआई बैंक द्वारा शासकीय हाईस्कूल तुमनार में अपनी सीएसआर पहल के तहत आवश्यक संसाधनों का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय को वॉटर प्यूरीफायर, ग्रीन बोर्ड, लेजर प्रिंटर एवं फ्लोर कार्पेट जैसी उपयोगी सामग्री प्रदान की गई जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक के मैनेजर चिरंजीवी, ग्राम सरपंच संदीप तैलाम, एसएमडीसी अध्यक्ष मुन्नाराम, एडीपीओ बीएल पुजारी, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं गरिमामयी रूप से उपस्थित रहे।

## निधन

### राजेन्द्र सिंह सेंगर



**घाटलोहंगा।** नगर पंचायत बस्तर के राजेन्द्रनगर वार्ड क्रमांक 3 निवासी राजेन्द्र सिंह सेंगर (राजू) 70 वर्ष का 9 अप्रैल को सायं 5 बजे हृदयघात से निधन हो गया। वे रामेश्वर सिंह सेंगर एवं दिलीप सिंह सेंगर के भाई तथा बिक्रम सिंह सेंगर एवं संग्राम सिंह सेंगर के पिता थे। अंतिमयात्रा 10 अप्रैल को प्रातः 10 बजे मुक्तिधाम जगदलपुर के लिए निकलेगी।

# सीआरपीएफ ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

219वीं बटालियन सीआरपीएफ ने मुख्यालय इंजरम में 61वां शौर्य दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमांडेंट 219वीं बटालियन पार्थ सारथी घोष ने उपस्थित जवानों को शौर्य दिवस के महत्व बताते हुए कहा 9 अप्रैल 1965 को पाकिस्तान की एक ब्रिगेड ने गुजरात के रण ऑफ कच्छ में सरदार पोस्ट पर धोखे से हमला किया। पोस्ट पर तैनात सीआरपीएफ की मात्र दो कंपनियों के बहादुर जवानों ने संख्या में बहुत कम होने के बावजुद भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया और पोस्ट पर पाकिस्तान का कब्जा नहीं होने दिया। इस हमले में सीआरपीएफ के 6 बहादुर जवानों की शहादत प्राप्त हुई। जबकि 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और 4 को जिंदा पकड़ लिया गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने पाकिस्तानी ब्रिगेड का इतनी बहादुरी से मुकाबला किया कि पाकिस्तान ब्रिगेड को पीछे हटना पड़ा। सैन्य युद्ध के इतिहास में यह दिन बहादुरी व जज्बे से लड़े गये युद्ध कि एक बेहतरीन मिसाल है। बहादुर जवानों के बलिदान व जज्बे को सम्मानित करने के लिए हर साल देश में 9 अप्रैल को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही सभी जवानों को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें देश की सुरक्षा, एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए हमेशा सत्य निष्ठा व ईमानदारी के साथ हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में राहुल आर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव, उप कमाण्डेन्ट कानाराम चौधरी, सहा कमां, अधिनस्थ अधिकारी एवं सभी जवान उपस्थित रहे।

- देश की सुरक्षा, एकता व अखंडता को बनाये रखने हमेशा तैयार रहना चाहिए : घोष



**शहीदों के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति निष्ठा को किया याद**



**गीदम।** 165 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा शौर्य दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की वीरता, त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे तथा शहीदों के अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा को स्मरण किया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राकेश यादव कमांडेंट द्वारा शहीदों के पराक्रम एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित जवानों में देशभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई। इसी क्रम में बटालियन के उन जवानों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें डीजी डिस्क प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कमांडेंट द्वारा जवानों को विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए उनके समर्पण, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन न केवल शहीदों की स्मृति को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि जवानों के मनोबल को ऊंचा उठाने एवं उन्हें राष्ट्र सेवा के प्रति और अधिक प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी सिद्ध हुआ।

### धूमधाम से मना शौर्य दिवस

**बीजापुर।** सरदार पोस्ट के ऐतिहासिक युद्ध की स्मृति में पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस समारोह में बी.एस. नेगी उप-महानिरीक्षक बीजापुर रेंज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ आनंद मलिक कमांडेंट 199 वाहिनी, अशोक कुमार सहायक कमांडेंट रेंज बीजापुर, ईश्वर चंद्र शर्मा एडजुटेंट 199 वाहिनी और जुगल किशोर महापात्रा, सहायक कमांडेंट तथा 199 वीं वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी तथा अन्य कार्मिक भी कार्यक्रम का हिस्सा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बी.एस. नेगी उप-महानिरीक्षक और 199 वाहिनी के कमांडेंट आनंद मलिक द्वारा शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। शहीदों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ऐतिहासिक महत्व के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को शौर्य दिवस अभूतपूर्व वीरता की याद में मनाया जाता है, जब 1965 में सीआरपीएफ की एक छोटी सी टुकड़ी ने गुजरात के कच्छ के रण में स्थित सरदार पोस्ट पर पाकिस्तानी सेना की पूरी इन्फैंट्री ब्रिगेड के हमले को विफल कर दिया था। उप-महानिरीक्षक ने बल की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की और इसे पूरे बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया, साथ ही जवानों को संबोधित करते हुए अनुशासन और परिचालन तत्परता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया। संचालन ईश्वर चंद्र शर्मा, एडजुटेंट 199 वीं वाहिनी, जुगल किशोर महापात्रा, सहायक कमांडेंट और अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट रेंज बीजापुर की देखरेख में हुआ। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा और सुरक्षा प्रोटोकॉल को सुनिश्चित किया। औपचारिक समारोह के बाद एक विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ने जवानों से उनकी समस्यायों के बारे में जाना। समापन सायंकाल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन व पारंपरिक बड़ा खाना के साथ हुआ, जिससे जवानों के बीच आपसी भाईचारा और मनोबल बढ़ा। इस अवसर पर 199 वाहिनी के सभी कार्मिक मौजूद रहे जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

# एकल अभियान के उद्देश्यों और सेवा-कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

अंचल कार्यालय गीदम में अंचल कार्य समीक्षा बैठक व सेवाव्रती सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंचल समिति के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सेवाव्रतियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक की शुरुआत एकल अभियान के उद्देश्यों और सेवा-कार्यों की समीक्षा से हुई। संभाग जागरण शिक्षा प्रभारी ललित दानी ने अंचल में संचालित शैक्षिक गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी सत्र के लिए गुणवत्ता सुधार व नियमित प्रशिक्षण पर बल दिया। संरक्षक लुपेन्द्र वैष्णव ने कहा कि सेवा ही संगठन की आत्मा है और हर कार्यकर्ता को समर्पण के साथ गाँव-गाँव तक अभियान की पहुँच सुनिश्चित करनी चाहिए। सचिव विनीता देशमुख ने पिछले कार्यों का लेखा-जोखा रखा और संगठनात्मक अनुशासन, दस्तावेजीकरण तथा समयबद्ध रिपोर्टिंग की



आवश्यकता बताई। उपाध्यक्ष नारायण लाल साहू ने ग्राम विकास की योजनाओं पर चर्चा करते हुए लोकनाथ चंदाकर, ग्राम विकास प्रभारी के साथ मिलकर कृषि, स्वच्छता और स्वावलंबन से जुड़ी गतिविधियों को तेज करने का सुझाव दिया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए अंचल महिला प्रमुख पार्वती परिहार ने महिला समूहों की भागीदारी बढ़ाने की योजना साझा की। आरोग्य शिक्षा प्रभारी राजेश्वरी नाग ने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, टीकाकरण और पोषण संबंधी कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की बात कही।

# योगाभ्यास करने के लिए जुटे साधक - साधिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

महिला पतंजलि योग समिति जिला दंतेवाड़ा के तत्वाधान में योग भवन कारली में जया दीदी महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी की अध्यक्षता में योग सत्र एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित साधक-साधिकाओं द्वारा योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें योग साधक, साधिका, सहयोगी शिक्षक, प्रशिक्षण शिक्षक एवं जिले के पदाधिकारियों की भूमिका पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही महिला पतंजलि योग समिति के



कार्यों के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में श्वेता अग्रवाल, पुष्पा पिस्दा, डॉक्टर जगदम्बा पंडा, भरत कोर्राम, बुधरी कश्यप सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर योग के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाना एवं महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

# छात्र छात्राओं के लिए प्रारंभ होंगे आवासीय स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके तहत विशेष रूप से शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे को आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले पूर्ण करने पर जोर दिया गया है।

इस क्रम में कलेक्टर ने पंचायत बुधपदर के गुमरगुडा, जपोड़ी पोटाकेबिन में बालिका एवं बालक शौचालय निर्माण, पानी की समुचित व्यवस्था हेतु नए बोर का खनन, सीट मरम्मत कार्य सहित अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखने हेतु रेन वॉटर वाशिंग सिस्टम की व्यवस्था करने पर भी बल दिया गया, ताकि एकलव्य आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा बुधपदर पंचायत



अंतर्गत इस 500 सीटर पोटाकेबिन को आगामी शिक्षा सत्र में संचालन किए जाने की योजना है। इसके अलावा कलेक्टर ने बड़ेकारका से कोड़नार तक लगभग 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के लिए मिट्टी-मुरूम कार्य एवं 6 पुलियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा। यह सड़क क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही ग्रामीणों की दैनिक जरूरतों को भी आसान बनाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसुर स्थित डैनेक्स भवन के मरम्मत कार्य को भी प्राथमिकता में रखते हुए इसे आगामी दो माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के निरीक्षण भ्रमण के दौरान डेनेक्स कर्मचारियों ने भवन से संबंधित समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। अतः कलेक्टर ने भवन में हो रहे पानी के सीलन और पानी रिसाव की समस्या को दूर करने के लिए एसडीएम को आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश दिए। वहीं डैनेक्स फैक्ट्री के पास स्थल पर प्रस्तावित 240 सीटर नर्सिंग कॉलेज के लिए भी आवश्यक तैयारियां शुरू करने को भी कहा गया। इस नर्सिंग कॉलेज के निर्माण से क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के नए अवसर विकसित होंगे। इस क्रम में कलेक्टर द्वारा ग्राम कोरकोटी में केश कुंड से पंचायत भवन तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी बीटी सड़क निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। यह सड़क ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# जिले के उपस्वास्थ्य केंद्र खुद ही मरीज : सुलोचना कर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा अपने जिला पंचायत क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। उन्होंने बड़े तुमनार ग्राम पंचायत के उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा कई दिनों से मिल रहे शिकायत पर पहुँची सुलोचना ने निरीक्षण करते हुए कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र तो खुद ही मरीज बना हुआ है।

- दर्जन भर गांवों को सुविधा पहुँचाने हुआ था निर्माण

सुलोचना ने बताया कि इस भवन का निर्माण स्वीकृति डीएमएफ से उनके पूर्व के कार्यकाल में दशक भर पहले हुआ था जो कि 2016-17 में निर्मित होकर पूर्ण हुआ था। सुलोचना ने कहा कि इस उपस्वास्थ्य केंद्र के मांग की मंशा यह थी कि इससे आस पास के दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों को सुविधा मिल सके, खास कर बुजुर्ग, बच्चों और प्रसव के लिए उन्हें जिला अस्पताल के चक्कर न काटना पड़े पर आज निरीक्षण में पहुँची सुलोचना कर्मा ने इस उपस्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं को देखकर काफी नाराज हुई।

उन्होंने बताया कि इस भवन में स्वच्छ जल और शौचालय तक जैसी मूलभत सुविधाएं मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए नहीं है। चारो तरफ इतनी गंदगी भरी पड़ी है कि मरी कभी ठीक ही न हो पाए। उन्होंने पाया कि मरीजों के लिए बेडशीट है और ज़मीन भी टूटी फूटी है। डिलीवरी हुई लेडीज और नवजात शिशु को फंगस वाले रूम में रखे हुए हैं, इससे इन्फेक्शन होने का खतरा है। सुलोचना ने इस मामले में कहा कि मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी से इस मामले चर्चा कर जल्द से जल्द इस समस्या के निवारण करवाएंगी।

### भूमि अर्जन के लिए को जनसुनवाई 13 को

**बीजापुर।** तेलंगाना के मुलुगू जिले में गोदावरी नदी पर निर्मित दुवधूमुला उद्वहन सिंचाई परियोजना के डाऊन स्ट्रीम में लगभग 4 किमी नीचे निर्माणाधीन तुपाकुलागुडम बैराज (समक्का सागर परियोजना) छत्तीसगढ़ की प्रभावित भूमि एवं मुआवजे संबंधी जन सुनवाई 13 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे ग्राम तारलागुड़ा में आयोजित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यापालन अभियंता, जल संसाधन विभाग सहित एसडीएम व तहसीलदार भोपालपटनम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### पक्का घर बना आशियाना

**बीजापुर।** 60 वर्षीय गुण्डी बुचम्मा वर्षों तक कच्चे और खपरैल वाले घर में जीवन बिताने के बाद आज उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला है। यह घर उनके परिवार के लिए सिर्फ चार दीवारें नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन का प्रतीक बना।

# बस्तर से प्रवासित परिवारों के पुनर्वास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

दक्षिण बस्तर के जिलों में माओवाद के चरम दौर पर भय और आतंक के चलते जैसे दंतेवाड़ा बीजापुर, सुकमा, के सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों परिवारों ने तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश पलायन किया था।

चूंकि अब परिस्थितियां बदल चुकी है और नक्सल मुक्त बस्तर अभियान के बहुआयामी स्वरूप के संदर्भ में राज्य शासन द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए इन प्रवासित परिवारों को पूनः उनके मूल गांवों में बसाने की मंशा से प्रवासित परिवारों का सर्वे कार्य किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में सयुंक्त जिला कार्यालय कलेक्टरेट के डंकनी सभाकक्ष में आयुक्त, बस्तर संभाग एवं पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज की उपस्थिति में तीन जिले के कलेक्टर सहित बस्तर संभाग से तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश में प्रवासित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बस्तर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों से तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश में प्रवासित परिवारों के पुनर्वास को लेकर आयोजित बैठक में बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर से प्रवासित हुए परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक सर्वे कार्य किया गया है, जिसमें संबंधित परिवारों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है। कमिश्नर ने बताया कि आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप पुनर्वास की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो प्रवासित परिवार बस्तर लौटकर पुनः बसना चाहते हैं, उनके लिए केंद्र शासन, राज्य शासन एवं संबंधित राज्यों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही आगे कहा कि जो परिवार वर्तमान में तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश में ही निवास करना चाहते हैं, उनके लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जाएगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रवासित परिवारों से चर्चा कर उनकी सहमति के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करें, जिससे आगे की कार्यवाही सुचारू रूप से की जा सके।

- प्रवासित परिवारों ने बताई अपनी व्यथा उच्चस्तरीय बैठक में विस्तृत चर्चा




बैठक में बस्तर आईजी सुन्दरराज.पी. ने कहा कि दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों के अधिकारियों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जाकर विस्तृत सर्वेक्षण किया गया है। इस सर्वे के माध्यम से वहां निवास कर रहे प्रवासित परिवारों की वास्तविक स्थिति, आवश्यकताओं और समस्याओं का आकलन किया गया।

### खरीफ वर्ष के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**बीजापुर।** आगामी खरीफ वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फसल क्षेत्र विस्तार, वर्षा, बीज, उर्वरक, कीटनाशक दवाइयों एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के भंडारण, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण की निगरानी हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से डबल लॉक एवं सिंगल लॉक केंद्रों में सामग्री के भंडारण एवं वितरण की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। साथ ही कीट एवं रोग नियंत्रण व्यवस्था, फसल बोनी की स्थिति, धान नर्सरी तथा अन्य फसलों के क्षेत्र विस्तार से संबंधित जानकारी नियमित रूप से संकलित कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाएगी।




**समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (रा.) नारायणपुर जिला नारायणपुर**
**नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र**

मैं जीरा राम पिता करवे, उम्र 51 वर्ष, निवासी-परलनार तहसील ओरछा जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

1. यह कि मैं ग्राम निवासी हूं। परलनार तहसील ओरछा जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का/की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का नाम महेन्द्र कुमार है एवं उसकी जन्म तिथि- 03/12/2009 है। जो सत्य व सही है एवं उसके नाम से जारी स्कूली प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 2249 5854 5957 जारी हुआ है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम आश्रम लेकाम एवं उसकी जन्मतिथि- 01/01/2006 लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपने पुत्र का नाम महेन्द्र कुमार एवं उसकी जन्मतिथि 03/12/2009 लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम महेन्द्र कुमार एवं उसकी जन्मतिथि 03/12/2009 अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**सत्यापन-**

मैं जीरा राम पिता करवे उम्र 51 वर्ष निवासी-परलनार तहसील ओरछा जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 09/04/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं ।

शपथकर्ता/सत्यापनकर्ता
जीरा राम

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ क / ब 121/ 2025- 2026

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक सुरजूराम कश्यप पिता स्व. भगतु जाति मुरिया निवास ग्राम घाट कवाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके माता स्व. ताराबाई कश्यप पिता/पति स्व. भगतु की माता/पिता- मृत्यु दिनांक 17/11/2014 को ग्राम घाट कवाली में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 20/04/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया ।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

## खबर संक्षेप

### खेल उत्सव में बुजुर्गों के साथ खिलखिला उठा बचपन



**जगदलपुर।** रिश्तों की गर्माहट और बचपन की शरारतों का एक ऐसा अनूठा संगम पिछले तीन दिनों से जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में देखने को मिला, जिसने आधुनिकता की भागदौड़ के बीच पारिवारिक जुड़ाव की एक नई मिसाल पेश की है। बीते 6 अप्रैल से 8 अप्रैल तक आयोजित दादा-दादी, नाना-नानी खेल उत्सव ने न केवल आंगनवाड़ी के बच्चों, बल्कि उनके अभिभावकों और घर के बुजुर्गों के जीवन में भी उत्साह का नया संचार कर दिया। इस आयोजन की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 126 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को बेहद व्यवस्थित और यादगार बनाया। उत्सव का आगाज अत्यंत भावपूर्ण रहा, जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी परंपरा और संस्कृति का परिचय देते हुए अपने दादा-दादी और नाना-नानी का स्वागत आरती, तिलक और फूलों के गुलदस्ते भेंट कर किया। बच्चों के छोटे-छोटे हाथों से सम्मानित होकर बुजुर्गों की आँखें खुशी से छलक उठीं और पूरा वातावरण प्रेम व आदर की खुशबू से सराबोर हो गया।

### कोड़ेबेड़ा के ग्रामीणों ने मनाया जल उत्सव



**जगदलपुर।** जिले के विकासखण्ड लोहंडीगुड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेबेड़ा के आश्रित ग्राम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में सरपंच डुलबन्धु कश्यप, सचिव रतिराम यादव, स्थानीय पंचों, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों सहित महिला जल वाहिनी के सदस्यों और बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों को जल की महत्ता समझाते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि साफ जल का महत्व सोने से भी कहीं अधिक है, और इसे आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित रखना हम सभी का परम दायित्व है।
इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमले द्वारा चर्चा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि जल स्रोतों की निरंतरता बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक और पारंपरिक दोनों तरीकों को अपनाना आवश्यक है। इसके तहत सभी घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने की अपील की गई ताकि घरेलू इस्तेमाल का पानी व्यर्थ न बहे और भूजल स्तर बना रहे। साथ ही, मिट्टी के कटाव को रोकने और जल स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रजाति के पेड़ लगाने का सुझाव दिया गया। इस मौके पर पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस जल उत्सव के दौरान विकास की जमीनी हकीकत तब उभरकर सामने आई जब ग्रामीण महिला राजेश्वरी बघेल ने अपने अनुभव साझा किए।

# ऑर्थोपेडिक और न्यूरोलॉजी के होने लगे ऑपरेशन, महानगर जाने से मिली मुक्ति

## कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मरीजों की भर्ती शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कॉन्टिनेंटल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती कर उपचार की सुविधा शुरू हो गई है। वर्तमान में ट्रायल के अंतिम चरण में है, आईपीडी सेवा शुरू होते ही 20 से अधिक मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सीसीएसएच में अब ऑथोर्पेडिक, न्यूरोलॉजी और गैस्ट्रोलॉजी के मरीजों के ऑपरेशन शुरू हो गए हैं जिससे बस्तर के मरीजों को बड़े शहरों की ओर रुख करने की मजबूरी से राहत मिली है। स्थानीय स्तर पर इलाज होने से आर्थिक व मानसिक बोझ में कमी आई है।

अस्पताल में भर्ती मरीजों ने बताया कि पहले गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता था। जिससे समय और धन अधिक लगता था लेकिन अब यह समस्या दूर हो गई है।

आयुष्मान का लाभ भी यहां भर्ती मरीजों को मिल रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में आर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, इंटरनल मेडिसिन और आपातकालीन चिकित्सकों की टीम उपलब्ध है। आने वाले दिनों में कार्डियोलॉजिस्ट भी सेवाएं देंगे। साथ ही डायलिसिस मरीजों के लिए उपचार भी शुरू कर दिया गया है, जिसके लिए तकनीकी टीम कार्य कर रही है। हृदय रोगियों के लिए कैथलैब का निर्माण अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण होते ही जटिल हृदय संबंधी ऑपरेशन यहां संभव हो सकेगा।





### जटिल सर्जरी शुरू होने से बाहर जाने की जरूरत नहीं

डॉ पुष्पेंद्र राठौर तथा डॉ पवन ब्रिज ने बताया कि जटिल सर्जरी शुरू होने से गंभीर मरीजों को लाभ मिलेगा। ऑथोर्पेडिक्स और न्यूरोलॉजी से जुड़े मरीजों का ऑपरेशन यहां किया जा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में आधुनिक उपकरणों के जरिए सर्जरी की जा रही है, जिससे सफलता दर में भी वृद्धि हुई है। पहले इलाज के लिए मरीजों को रायपुर, विशाखापट्टनम या अन्य महानगरों की ओर जाना पड़ता था। वहीं अब समय, धन और जोखिम तीनों की बचत हो रही है। लगातार हो रहे सफल ऑपरेशनों ने मरीजों का भरोसा भी मजबूत किया है और क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की नई उम्मीद जगी है।

## भडरीमऊ में जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरित

# मौके पर कई समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दरभा विकासखंड अन्तर्गत ककालगुर के भडरीमऊ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में

- शिविर के माध्यम से शासकीय कार्यो और योजनाओं का लेवें लाभ : कलेक्टर
- लगाई गई ग्रामीण जनों को सुविधा देने के लिए स्टॉल, मौके पर मिले 243 आवेदन

बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के समक्ष रखीं। कलेक्टर आकाश छिकारा ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से शासकीय कार्यों और योजनाओं का लाभ लेवें। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में संवाद किया और उनके सुझाव, समस्या को भी सुना।







### कोई समस्या या दिक्कत हो तो थाने में शिकायत दर्ज कराएं

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि चार दशक से चली आ रही एक बड़ी समस्या खत्म हुई है, अब सड़क, बिजली और अन्य विकास के कार्यों को अब गति दी जा रही है, प्रशासन आपके पास पहुंचा है आप अपनी दिक्कतों का निराकरण करवायें। उन्होंने ग्रामीण से नजदीकी थाना का संज्ञान लिया और कहा कि कोई समस्या या दिक्कत हो तो थाने में और नजदीकी पुलिस कैम्प में जाकर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण किया, वहीं कुल 243 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री भी वितरित की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाएं सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में दरभा जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद, जिला पंचायत सदस्य सम्पत्ति, अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग के हितग्राहियों को सामग्री, चेक, स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ मिला, जिससे उन्हें काफी सुविधा हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा, जनपद सीईओ बीरेन्द्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जहां शिक्षक रहे वहां 30 साल बाद पहुंचकर विद्यालय को किया नमन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के नूलकातोंग गांव में उस वक्त भावुक और प्रेरणादायक माहौल बन गया जब शिक्षक पी. विजय नायडू करीब 30 साल बाद अपने पुराने स्कूल पहुंचे। स्कूल प्रांगण में पहुंचते ही उन्होंने दंडवत किया और भवन को देवालय मानते हुए नमन किया। वहां मौजूद ग्रामीणों और युवाओं के लिए भावुक क्षण

- नक्सल आतंक के चलते नूलकातोंग गांव छोड़ना पड़ा था

बन गया। विजय नायडू वर्ष 1996 में इसी प्राथमिक शाला से अपने शिक्षक जीवन की शुरूआत की थी। उस समय क्षेत्र में नक्सल प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था। हालात बिगड़ने पर उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ आवाज उठाई, जिसके चलते वे नक्सलियों के निशाने पर आ गए। कोंटा में उन पर जानलेवा हमला हुआ जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन उनका हौसला नहीं टूटा। अस्पताल से लौटने के बाद उन्होंने करीब 25 वर्षों तक संघर्ष और जोखिम भरा जीवन जिया। उस दौर में नूलकातोंग और आसपास के इलाके नक्सली हिंसा के केंद्र बने रहे। वर्ष 2009 और 2016 में यहां बड़े एनकाउंटर हुए जो उस समय के भयावह हालात के गवाह हैं। नक्सलियों ने उन्हें गांव छोड़ने की धमकी दी लेकिन उन्होंने अपनी जन्मभूमि को न छोड़ने का संकल्प लिया। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा एक समय ऐसा आया जब नक्सलियों ने कोंटा बस्ती में खून की होली खेलने का फरमान जारी किया था। इसके बावजूद ग्रामीणों ने भय के साए में रहते हुए सामाजिक परंपराओं को जीवित रखा। अब जब क्षेत्र में नक्सल प्रभाव काफी हद तक कम हुआ है और शांति का माहौल लौट रहा है ऐसे समय में अपने गांव वापसी की उम्मीद का संदेश लेकर आई है। स्कूल परिसर में कुछ देर खामोशी से खड़े रहने के बाद उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने स्कूल के हैंडपंप से पानी पीकर मानो बीते तीन दशकों के संघर्ष, दर्द और यादों को एक पल में समेट लिया। उनका गांव पहुंचना पूरे क्षेत्र के लिए साहस, धैर्य और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। विजय नायडू की यह कहानी नक्सल आतंक के कठिन दौर से लेकर शांति की ओर बढ़ते बस्तर की सजीव तस्वीर पेश करती है जो यह संदेश देती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हढ़ संकल्प और साहस से बदलाव संभव है।

# उपभोक्ता को ज्वेलर्स संचालक अदा करेगा अग्रिम राशि 75 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में शहर के वेंकटेश्वरा ज्वेलर्स द्वारा आवेदक को अग्रिम स्वरूप प्राप्त 75 हजार रूपए की राशि वापस एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए पृथक से अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी राजकुमार झा द्वारा वेंकटेश्वरा ज्वेलर्स से आभूषण बनवाने हेतु




अग्रिम स्वरूप 75000 रूपए की राशि ज्वेलर्स संचालक को अग्रिम अदा की गई थी। ज्वेलर्स संचालक द्वारा अग्रिम स्वरूप प्रदान की गई राशि के दिनांक पर भविष्य में इस रेट पर आवेदक को आभूषण प्रदान करने को कहा था, पर आवेदक द्वारा लंबे समय तक संचालक से संपर्क करने पर आभूषण तैयार नहीं होने के कारण आभूषण प्रदाय करने में विलंब किया गया और लंबे समय अंतराल की बाद आभूषण के वर्तमान रेट पर आवेदक को आभूषण प्रदान करने को कहा गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि ज्वेलर्स संचालक आवेदक के संस्थान में नहीं आने के कथन को किसी भी साक्ष्य, दस्तावेज या सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से प्रमाणित करने में असफल रहा है। आवेदक द्वारा अपने कथन को साक्ष्य एवं दस्तावेज के माध्यम से प्रमाणित कराया गया है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 10 लाख का गांजा व बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा से मादक पदार्थ गांजा लेकर जगदलपुर आ रहे दो अंतर्राज्यीय तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रूपए से अधिक का गांजा के अलावा बाईक व नगद रकम जब्त किया गया है। मामले में

- गिरफ्तार आरोपी न्यायालय में पेश, भेजे गए जेल

दोनों आरोपी को जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व टीम गठित किया गया था। टीम को



सूचना मिली थी कि आरोपी ओडिशा से बिना नम्बर की बाईक से गांजा की बेचने कुरंदी के जंगल से आड़ावाल होते हुए जगदलपुर आ रहे हैं। सूचना पर एमसीपी लगाकर पुलिस वाहनों की तलाशी ले रही थी इसी दौरान बिना नम्बर की बाईक को रोका गया जिसमें दो लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गणपति माली 40 वर्ष निवासी ग्राम मूर्ताहांडी शनगुड़ा थाना कोटपाड व श्याम सुंदर बिसाई 45 साल निवासी ग्राम तेली धार गुड्डी तहसील कोटपाड जिला कोरापुट ओडिशा का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से तीन पैकेट कुल 10.09 किलो गांजा कीमत 5 लाख 4 हजार 5 सौ रूपए के अलावा बाईक, मोबाईल व नगद रकम बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

गांजा के साथ आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बोधघाट निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक युवराज ठाकुर, कामदेव दर्रो, मानकू कोर्राम, विजय तिर्की, अवतार पटेल, थानेंद्र सिन्हा व होरी लाल आर्मो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बस्तर के दुर्गम अंचलों में डिजिटल क्रांति का नया सवेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी समय बस्तर का नाम सुनते ही जेहन में केवल घने जंगल और माओवाद की दहशत उभरती थी। जिले के दरभा ब्लॉक का कोलेंग गांव भी एक ऐसा ही इलाका था, जहां विकास की किरणें नक्सली

- संतोष कुमार ने बदली कोलेंग इलाके की सूरत

साये और दुर्गम रास्तों के कारण पहुँचने से कतराती थीं। लेकिन आज तस्वीर बदल चुकी है। कभी गोलियों की गूंज के लिए पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र में अब की-बोर्ड की टिक-टिक और डिजिटल लेनदेन की गूंज सुनाई दे रही है। इस परिवर्तन की कहानी गांव के ही एक शिक्षित युवा संतोष कुमार के इर्द-गिर्द घूमती है। हायर सेकेंडरी




तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद संतोष ने शहर की ओर रुख करने के बजाय अपने ही गांव की मिट्टी को सींचने का फैसला किया। पिछले तीन वर्षों से वे ग्राम पंचायत कॉम्प्लेक्स में एक कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन कर रहे हैं। जिस क्षेत्र में कभी नेटवर्क की समस्या और संचार के साधनों का अभाव था, वहाँ संतोष अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से ग्रामीणों को सुविधाएं सुलभ करवा रहे हैं। आज उनकी वजह से कोलेंग सहित क्षेत्र के चांदामेटा, मुण्डागांव, छिंदगुर, कांदानार, सरगीपाल, काचीरास आदि गांवों के ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों, जैसे नकदी निकासी, बैंक खाता खोलने या आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए दरभा या जगदलपुर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ती है।

संतोष की सेवाएं केवल बैंकिंग तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे ई-श्रम कार्ड, किसान पंजीयन और पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी गांव में ही तैयार कर रहे हैं। विशेष रूप से पिछले वर्ष आधार पंजीयन की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने गांव में ही आधार कार्ड बनाने की सुविधा शुरू की है, जो इस दुर्गम क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब यहाँ के निवासियों को जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कागजात बनवाने के लिए मीलों का सफर तय नहीं करना पड़ता, जिससे उनके समय और मेहनत के साथ-साथ पैसों की भी बड़ी बचत हो रही है। नक्सलवाद के प्रभाव और नेटवर्क की चुनौतियों को मात देते हुए संतोष ने यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो विकास की धारा को सबसे अंतिम छोर तक पहुँचाया जा सकता है।

रायपुर और हैदराबाद के लिए सप्ताह में 3 दिन विमान सेवा

# धीरे-धीरे बढ़ रही यात्रियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा का शुभारंभ 14 जून 2018 को किया गया था। अब एलायंस एयर ने पिछले माह के 31 मार्च से जगदलपुर-रायपुर-हैदराबाद फ्लाइट सेवा फिर से शुरू की है। नए शेडयूल के अंतर्गत जगदलपुर से रायपुर हवाई सेवा में यात्रियों की लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हुई है।

बस्तर जैसे दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्र के लिए हवाई कनेक्टिविटी बड़ी चुनौती रही है। सड़क और रेल मार्ग से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। मरीजों, छात्रों और व्यापारियों को नई सेवा के तहत विमान हैदराबाद से सुबह उड़ान भरकर जगदलपुर होते हुए रायपुर पहुंचेगा और वापसी में रायपुर से होते हुए फिर हैदराबाद जाएगा। तय शेड्यूल के अनुसार यह सफर कुछ ही घंटों में पूरा होगा।

हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान भर रही है। 9 मार्च को सुबह 9.10 बजे विमान हैदराबाद से जगदलपुर पहुंची जिसमें लगभग 20 यात्री यहां उतरे। जबकि सुबह 9.32 बजे लगभग दो दर्जन से अधिक यात्री रायपुर गए। दोपहर सवा 3 बजे रायपुर से जगदलपुर पहुंची विमान में 4 यात्री उतरे जबकि दोपहर 3.40 को 22 यात्री हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

